प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

0000

जे पी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च 64 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह गया है। नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद–2025 के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के साथ–साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आई है। उन्होंने कहा कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के उद्देश्य से 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना शुरू की गई थी।

हड़ताल

प्रदेश के दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत एसएमसी अध्यापक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। ये शिक्षक अपनी सेवाओं को नियमित करने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। एसएमसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने एल डी आर के माध्यम से एसएमसी अध्यापकों को नियमितीकरण करने की मंजूरी दी थी मगर अभी तक सरकार ने इस दिशा में कोई भी कदम नहीं बढ़ाया है।

पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने आबकारी व खनन नीति में बदलाव कर 2 हजार करोड़ रूपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। धर्मशाला के तपोवन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में ही बीते 5 महीनों में ट्रेजरी से एक अरब 19 करोड़ 82 लाख रूपए के बिलों का भुगतान विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया गया

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जो कार्य किए हैं उन्हें करने में पूर्व सरकारें नाकाम रही हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि उज्जवला और गृहणी सुविधा योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्त कर उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

मार्ग बंद

मंडी ज़िले में नेरचौक–पंडोह सड़क पर फोरलेन के लिए की जा रही कटिंग व ब्लास्टिंग के कारण 22, 24 और 26 फरवरी को ये सड़क सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक दो–दो घंटे बंद रहेगी। उपायुक्त व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवधि में निर्माण कंपनी द्वारा 4 मील से लेकर 5 मील के मध्य कार्य किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात व अनेक भागों में हुई वर्षा के बाद आज मौसम साफ है। चंबा जिले की जनजातीय पांगी घाटी में लगभग 2 इंच हिमपात हुआ है। बर्फबारी के बाद चंबा–पठानकोट वाया जोत सड़क के अलावा खजियार–डलहौजी व साच पास सड़क यातायात के लिए बंद है। जिले में बिजली के करीब 10 ट्रांसफार्मर भी ठप्प हैं। कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों पर भी ताजा हिमपात हुआ है। हमारे संवाददाता आशीष शर्मा ने बताया कि बर्फबारी से पर्यटन व्यवसायी खुश हैं जबकि किसान व बागवानों ने भी राहत की सांस ली है।

किन्नौर जिले के कल्पा, छितकुल, रोपा व हंगरंग में लगभग 3 इंच हिमपात हुआ है। इसके अलावा शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि अन्य भागों में वर्षा हुई है। हमारे शिमला संवाददाता के अनुसार बारिश व बर्फबारी के चलते तापमान में लगभग 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

फायर सीजन

हमीरपुर जिला उपायुक्त अमरजीत सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों को जिले में आग की आशकाओं वाले संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। एक बैठक में उन्होंने लोगों से वन संपदा को आग से बचाने के लिए सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।